# यूपी में तीन हजार रोजगार के मौके




लखनऊ। विशेष संवाददाता। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के तहत उत्तर प्रदेश में फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में 60 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतारा गया है। इसके तहत सिर्फ बड़े प्रोजेक्ट्स से ही प्रदेश में 3 हजार से अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे। ये नौकरियां बिजनौर, मुजफ्फरनगर, संडीला, बरेली और बागपत जैसे जिलों में सृजित होने जा रही है।

कोका-कोला के लिए भारत का सबसे बड़ा बॉटलर एसएलएमजी यूपी में एक और शुगर सिरप, जूस मैन्युफैक्चरिंग, पल्प एक्सट्रैक्शन और बॉटलिंग यूनिट स्थापित कर रहा है। यह प्रोजेक्ट 509 करोड़ रुपए का है और बिजनौर में लगभग 275 नौकरियां सृजित करेगा। वहीं, बेवरेज मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में काम करने वाले प्रसिद्ध रिलायंस ग्रुप का एक उपसमूह भारतीय बेवरेजेज 600 करोड़ रुपए का निवेश में मुजफ्फरनगर के पुरकाजी में इसके माध्यम से 500 नौकरियां उत्पन्न हो रही हैं।

## स्नैक्स और डिस्टिलरी उपलब्ध कराएंगे रोजगार

बालाजी वेफर्स उत्तर प्रदेश में 500 करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है। हरदोई के औद्योगिक क्षेत्र संडीला में आलू वेफर्स और भारतीय परंपरागत स्नैक्स के प्रोडक्शन के लिए एक इंटीग्रेटेड फूड प्रॉसेसिंग यूनिट की स्थापित कर रहा है, जिसके माध्यम से क्षेत्र में 1500 नौकरियां सृजित होंगी। वहीं, धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स 350 करोड़ रुपए के निवेश के साथ, एक नया डिस्टिलरी प्रोजेक्ट स्थापित कर रहा है। इस प्लांट से बरेली में 100 नौकरियों का सृजन होगा।